BIO 121	प्रायोगिक: मूल जीव विज्ञान	कृष्णपाल कर्मोदिया*, ट्रेसा जेकॉब, निक्सन अब्राहम, अंजन बैनर्जी, निशाद मातंगे	3
IDC 101	कम्प्यूटिंग का परिचय	एम.एस. संतानम*, उमाकान्त रापोल	3
सेमेस्टर III			
BIO 201	परिचयात्मक जीव विज्ञान-III: पारिस्थितिकी एवं क्रमिक विकास	सुतीर्थ डे	3
CHM 201	अकार्बनिक रसायन विज्ञान के सिद्धान्त	एन. बल्लव*, मौमिता मजूमदार	3
MTH 201	रेखीय बीजगणित	मनीष मिश्रा	3
PHY 201	भौतिकी की दुनिया-III: विद्युत एवं चुम्बकत्व	सौरभ दुबे*, सुनील मुखी	3
BIO 221	प्रायोगिक: पारिस्थितिकी एवं क्रमिक विकास	नीलेश डहानुकर*, सुतीर्थ डे	3
CHM 221	रसायन विज्ञान प्रयोगशाला II- अकार्बनिक रसायन विज्ञान	आर. वैद्यनाथन*, सीमा वर्मा और सुजित के. घोष	3
PHY 221	भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला-II	भास बापट*, आश्ना बाजपेई, रेजिश नाथ, अतिकुर रहमान	3
HSS 201	विज्ञान, प्रौद्योगिकी और चिकित्सा के इतिहास का परिचय	आर. वेंकटेश्वर पै	2
ECS 201	पृथ्वी प्रणाली-I	ज्ञान रंजन त्रिपाठी*, अंकुश श्रीवास्वत	2
सेमेस्टर V केवल			
BIO 313	उन्नत आणविक जीव विज्ञान	मयूरिका लाहिड़ी*, गायत्री पनांघट	4
BIO 311	उन्नत कोशिका जीव विज्ञान	नागराज बालसुब्रमणियन*, थॉमस पुकाड्यिल	4
BIO 301	प्रयोगशाला/सिद्धान्त परियोजना	कॉलिन्स असीसि	3
CHM 340	उन्नत कार्बनिक रसायन विज्ञान प्रयोगशाला	नीरजा दशपुत्रे*, हरिनाथ चक्रपाणि	3

कोड	पाठ्यक्रम	समन्वयक* / अनुदेशक	क्रेडिट
CHM 301	प्रयोगशाला प्रशिक्षण/ सिद्धान्त परियोजना-I	एम. मुस्तफा	3
MTH 301	प्रयोगशाला प्रशिक्षण/ सिद्धान्त परियोजना	चंद्रशील भागवत	3
PHY 330	भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला-IV	अपर्णा देशपांडे*, सुरजीत सिंह	3
PHY 301	प्रयोगशाला प्रशिक्षण/ सिद्धान्त परियोजना	अरिजित भट्टाचार्य	3
ECS 301	प्रयोगशाला प्रशिक्षण/ सिद्धान्त परियोजना	नीना जोसेफ मणि	3
HSS 301	प्रयोगशाला प्रशिक्षण/ सिद्धान्त परियोजना-विज्ञान के इतिहास के विषय	जॉन मैथ्यू	3
सेमेस्टर VII केवल			
BIO 401	प्रयोगशाला/सिद्धान्त परियोजना	कॉलिन्स असीसि	3
BIO 352	पशु शरीर क्रिया विज्ञान-II	एन.के. सुभेदार	3
BIO 353	प्रतिरक्षा विज्ञान-II	विनीता बाल*, सत्यजित रथ	3
CHM 410	उन्नत आणविक स्पेक्ट्रोस्कोपी	पार्थ हाज़रा*, पंकज मंडल, निर्माल्य बल्लव	4
CHM 411	कार्बनिक संश्लेषण-II	बी. ज्ञानप्रकाशम	4
CHM 413	जैव अकार्बनिक रसायन विज्ञान	आर. बूमिशंकर*, वी.जी. आनंद	4
CHM 430	उन्नत भौतिक रसायन विज्ञान प्रयोगशाला	प्रमोद पिल्लै*, अंग्शुमन नाग, एम. मुस्तफा, नीरजा दशपुत्रे	3
CHM 431	रासायनिक जीव विज्ञान	अमृता हाज़रा*, के.एन. गणेश	3
CHM 432	ठोस अवस्था रसायन विज्ञान	अंग्शुमन नाग	3
CHM 436	आणविक प्रतिरूपण और अनुकरण	अरुण वेंकटनाथन	3
CHM 445	विद्युतरसायन विज्ञान	एम. मुस्तफा	3
CHM 421	बहुलक रसायन विज्ञान	एम. जयकण्णन	4
CHM 401	प्रयोगशाला प्रशिक्षण/सिद्धान्त परियोजना-II	एम. मुस्तफा	3
MTH 410	गाल्वा सिद्धान्त	चित्रभानु चौधरी	4
MTH 421	माप सिद्धान्त और एकीकरण	मौसमी भक्ता	4
MTH 412	बीजगणितीय सांस्थिति	दिगंता बोराह	4
MTH 413	कलन विधि	सौमेन मैती	4
MTH 415	संभाव्यता	अनूप बिस्वास	4
MTH 417	व्यवहारिक विभेदक समीकरण	कृष्णा कैपा	4
MTH 430	बीजगणित के विषय: लै बीजगणित	अनुपम सिंह	3
MTH 401	प्रयोगशाला प्रशिक्षण/सिद्धान्त परियोजना	चंद्रशील भागवत	3
PHY 410	भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला-VI	जी.वी. पवन कुमार*, सी.वी. धर्माधिकारी, शिवप्रसाद पाटील	4
PHY 411	संघनिक पदार्थ भौतिकी-I	प्रसेनजित घोष	4
PHY 412	सांख्यिकी यांत्रिकी-II	दीपक धर	4
PHY 453	कम्प्यूटेशनल भौतिकी	अप्रतिम चटर्जी*, श्रीजित जी.जे.	3
PHY 461	परिमाण क्षेत्र सिद्धान्त	अरुण थलापिल्लिल	3
PHY 401	प्रयोगशाला प्रशिक्षण/सिद्धान्त परियोजना	अरिजित भट्टाचार्य	3
ECS 401	प्रयोगशाला प्रशिक्षण/सिद्धान्त परियोजना	नीना जोसेफ मणि	3
HSS 401	प्रयोगशाला प्रशिक्षण/सिद्धान्त परियोजना-विज्ञान के इतिहास के विषय	पुष्कर सोहोनी	3
सेमेस्टर V और VII			
BIO 310	जैव सांख्यिकी	रमणा आत्रेया*, मिलिंद वाटवे	4

कोड	पाठ्यक्रम	समन्वयक* / अनुदेशक	क्रेडिट
BIO 314	जैव सूचना विज्ञान	एम.एस. मधुसूदन	4
BIO 320	आनुवंशिक विज्ञान	रिचा रिखी*, गिरीश रत्नपारखी	4
BIO 321	पादप जीव विज्ञान-I	अंजन बैनर्जी*, सागर पंडित	4
BIO 410	उन्नत जैव रसायन-I	सुधा राजमणि*, सिद्धेश कामत	4
BIO 322	जैव भौतिकी-I	चैतन्य आठले	4
BIO 411	पारिस्थतिकी-I	दीपक बरुआ	4
BIO 334	तंत्रिका जीव विज्ञान-I	सुहिता नाडकर्णी*, निक्सन अब्राहम	3
BIO 431	एपिजेनेटिक्स	संजीव गलांडे	3
BIO 454	संरचनात्मक जीव विज्ञान	सांईकृष्णन कायरत*, गायत्री पनांघट, जीतेन्दर चुघ	3
CHM 311	भौतिक कार्बनिक रसायन विज्ञान	जीत कालिया	4
CHM 312	मुख्य समूह रसायन विज्ञान	शबाना खान	4
CHM 320	सममिति और समूह सिद्धान्त	जीतेन्दर चुघ*, आलोक दास	4
CHM 331	रसायन विज्ञान में स्व-संयोजन	पिनाकी तालुकदार	3
CHM 332	पृथक्करण सिद्धान्त और तकनीक	ब्रिट्टो सान्दनराज	3
MTH 310	समूह सिद्धान्त	चंद्रशील भागवत	4
MTH 311	विश्लेषण	अनिसा चोरवाडवाला	4
MTH 312	पॉइन्ट सेट टोपोलॉजी	विवेक मलिक	4
MTH 318	कॉम्बिनेटोरिक्स	कनीनिका सिन्हा	4
MTH 314	सांख्यिकीय अनुमान	उत्तरा नाइक-निम्बाळकर	4
PHY 310	भौतिकी में गणितीय पद्धति	नबामिता बैनर्जी	4
PHY 311	क्लासिकल यांत्रिकी	जी. अम्बिका	4
PHY 312	विद्युत गतिविज्ञान	राजीव भालेराव	4
PHY 313	परिमाण यांत्रिकी-I	टी.एस. महेश	4
PHY 334	खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी	रमणा आत्रेया	3
PHY 340	प्रायोगिक भौतिकी की पद्धतियाँ	सुनील नायर*, शौविक दत्ता	3
PHY 462	प्लाज्मा भौतिकी	प्रसाद सुब्रमणियन	3
ECS 322	भूभाग और पृथ्वी की सतह की प्रक्रियाएँ	अर्घा बैनर्जी	4
ECS 325	MATLAB का उपयोग कर संख्यात्मक गणना	सुहास इट्टामल*, रितिमा दास	4
ECS 315	वायुमंडल और महासागर भौतिकी	नीना जोसेफ मणि	4
ECS 314	पृथ्वी और जीवन इतिहास	ज्ञान रंजन त्रिपाठी	4
ECS 316	पृथ्वी और ग्रह-संबंधी पदार्थ	श्रेयस मानगवे	4
ECS 330	पृथ्वी और ग्रह-संबंधी पदार्थ प्रयोगशाला	श्रेयस मानगवे*, अंकुश श्रीवास्वत	3
HSS 332	मुद्राशास्त्र की कला और विज्ञान	पुष्कर सोहोनी	3
HSS 312	ध्वनि पर परिप्रेक्ष्य	अदिति देव*, जॉन मैथ्यू	4
HSS 351	सिनेमा का प्रौद्योगिकीय क्रमिक विकास	जॉन मैथ्यू*, अनिल झन्कर	3
HSS 411	समकालीन महिला उपन्यासकार	पूजा संचेती	4

स्प्रिंग 2018

सेमेस्टर II

BIO 102	परिचयात्मक जीव विज्ञान-II: कोशिकीय और आणविक जीव विज्ञान	एस.एस. मधुसूदन*, नागराज बालसुब्रमणियन	3

कोड	पाठ्यक्रम	समन्वयक* / अनुदेशक	क्रेडिट
BIO 122	प्रायोगिक: जैव रसायन विज्ञान, आनुवंशिक विज्ञान और आणविक जीव विज्ञान	नीलेश डहानुकर*, कुन्दन सेनगुप्ता, सुधा राजमणि, जीत कालिया, ट्रेसा जेकॉब	3
CHM 102	रासायनिक सिद्धान्त-II	आलोक दास*, अर्णब मुखर्जी, हरिनाथ चक्रपाणि और श्रीनविास होथा	3
CHM 121	रसायन विज्ञान प्रयोगशाला-I	जीतेन्दर चुघ*, पंकज मंडल, बी.एस.एम. राव, प्रमोद पिल्लै और सीमा वर्मा	3
HSS 102	आलोचनात्मक पठन और संचार: विज्ञान और समाज	पुष्कर सोहोनी*, पूजा संचेती	2
MTH 102	बहुपरिवर्तनीय गणना	अनूप बिस्वास	3
PHY 102	भौतिकी की दुनिया-II- तरंगे और पदार्थ	शिवप्रसाद पाटील	3
PHY 121	भौतिकी प्रयोगशाला-I	सौरभ दुबे*, रेजिश नाथ, विजयकुमा चिक्काडी, पवन कुमार जी.वी., अरिजित भट्टाचार्य	3
IDC 102	गणितीय पद्धतियाँ	सुदर्शन अनंत	3

सेमेस्टर IV

BIO 202	परिचयात्मक जीव विज्ञान-IV: प्रणाली जीव विज्ञान	अर्णब घोष*, कॉलिन्स असीसि	3
CHM 202	कार्बनिक रसायन विज्ञान के सिद्धान्त	सुदीप्ता बसु*, नीरजा दशपुत्रे	3
CHM 222	रसायन विज्ञान प्रयोगशाला-III	नीरजा दशपुत्रे*, एस.जी. श्रीवत्सन, एम. जयकण्णन, एस. सान्दनराज ब्रिट्टो और रामकृष्ण जी. भट	3
ECS 202	पृथ्वी प्रणाली-II	नीना जोसेफ मणि	2
MTH 202	संभाव्यता और सांख्यिकी	उत्तरा नाइक-निम्बाळकर	3
MTH 204	गणित की मूलभूत संरचना	अमित होगाडी	2
PHY 202	भौतिकी की दुनिया-IV – परिमाण भौतिकी	नबामिता बैनर्जी*, श्रीजित जी.जे.	3
PHY 222	भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला-III	अतिकुर रहमान*, अपर्णा देशपांडे, सतीशचन्द्र ओगले, अप्रतिम चटर्जी	3
IDC 202	प्रकाश विज्ञान	अरुण एम. थलापिल्लिल*, सचिन जैन	2

सेमेस्टर VI केवल

BIO 302	प्रयोगशाला/सिद्धान्त परियोजना	कुन्दन सेनगुप्ता*, कृष्णपाल कर्मोदिया	3
CHM 360	उन्नत अकार्बनिक रसायन विज्ञान प्रयोगशाला	वी.जी. आनंद	3
CHM 302	प्रयोगशाला प्रशिक्षण/सिद्धान्त परियोजना	प्रमोद पिल्लै	3
ECS 302	प्रयोगशाला प्रशिक्षण/सिद्धान्त परियोजना	नीना जोसेफ मणि	3
HSS 302	प्रयोगशाला प्रशिक्षण/सिद्धान्त परियोजना	पुष्कर सोहोनी	3
MTH 302	सिद्धान्त परियोजना	मौसमी भक्ता	3
PHY 320	भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला-V	सुनील नायर*, सीमा शर्मा	4
PHY 302	प्रयोगशाला प्रशिक्षण/सिद्धान्त परियोजना	प्रसेनजित घोष	3

सेमेस्टर VIII केवल

BIO 420	विकासात्मक जीव विज्ञान (एनकेएन)	गिरीश रत्नपारखी*, रिचा रिखी	4
BIO 351	जीव विज्ञान और रोग	मयूरिका लाहिड़ी*, सिद्धेश एस. कामत	3
BIO 491	साहित्य समीक्षा	साईकृष्णन कायरत	3
BIO 402	प्रयोगशाला/सिद्धान्त परियोजना	कुन्दन सेनगुप्ता*, कृष्णपाल कर्मोदिया	3

कोड	पाठ्यक्रम	समन्वयक* / अनुदेशक	क्रेडिट
CHM 420	संरचनात्मक पद्धतियाँ और विश्लेषण	बूपति ज्ञानप्रकाशम*, पिनाकी तालुकदार और जीतेन्दर चुघ	4
CHM 422	सांख्यिकीय ऊष्मप्रवैगिकी	स्रबंति चौधरी	4
CHM 423	औषधीय रसायन विज्ञान	हरिनाथ चक्रपाणि	4
CHM 433	प्रकाश रसायन विज्ञान	पंकज मंडल*, होसहुद्या एन. गोपी	3
CHM 441	उन्नत पदार्थ विज्ञान	निर्माल्य बल्लव*, रामनाथन वैद्यनाथन	3
CHM 442	कार्ब-धात्विक रसायन विज्ञान	रामकृष्ण जी. भट	3
CHM 402	प्रयोगशाला प्रशिक्षण/सिद्धान्त परियोजना	प्रमोद पिल्लै	3
ECS 402	प्रयोगशाला प्रशिक्षण/सिद्धान्त परियोजना	नीना जोसेफ मणि	3
HSS 402	प्रयोगशाला प्रशिक्षण/सिद्धान्त परियोजना	जॉन मैथ्यू	3
MTH 420	बीजगणितीय संख्या सिद्धान्त	सुप्रिया पिसोळकर	4
MTH 411	कार्यात्मक विश्लेषण	अनिंद्या गोस्वामी	4
MTH 422	विभेदक ज्यामिति	तेजस कालेलकर	4
MTH 426	प्रसंभाव्य प्रक्रियाएँ	टिआन एन वॉन्ग	4
MTH 423	क्रमचयी बीजगणित	दिलप्रीत कौर	4
MTH 424	आंशिक विभेदक समीकरण	मौसमी भक्ता	4
MTH 442	बीजगणितीय ज्यामिति का परिचय	चंद्रशील भागवत	3
MTH 402	सिद्धान्त परियोजना	मौसमी भक्ता	3
PHY 420	परमाणु और आणविक भौतिकी	भास बापट	4
PHY 421	प्राचीन और परिमाण प्रकाशिकी	शौविक दत्ता	4
PHY 422	नाभिकीय और कण भौतिकी	राजीव भालेराव	4
PHY 430	भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला-VII	उमाकान्त डी. रापोल*, सी.वी. धर्माधिकारी	3
PHY 402	प्रयोगशाला प्रशिक्षण/सिद्धान्त परियोजना	प्रसेनजित घोष	3
PHY 463	उन्नत संघनित पदार्थ भौतिकी	मुकुल कबीर	3
PHY 557/ 657	परिमाण क्षेत्र सिद्धान्त-II	सुनील मुखी	3

सेमेस्टर VI और VIII

BIO 312	पशु शरीर क्रिया विज्ञान-I (एनकेएन)	एन.के. सुभेदार*, निक्सन एम. अब्राहम	4
BIO 324	परिचयात्मक प्रतिरक्षा विज्ञान	विनीता बाल*, सत्यजित रथ	4
BIO 412	सूक्ष्म जीव विज्ञान	निशाद मातंगे*, गायत्री पनांघट	4
BIO 417	उन्नत जैव रसायन विज्ञान-II	थॉमस पुकाड्यिल*, अमृता हाज़रा	4
BIO 422	क्रमिक विकास (एनकेएन)	सुतीर्थ डे*, मिलिंद वाटवे, एल.एस. शशिधरा	4
BIO 414	गणितीय और कम्प्यूटेशनल जीव विज्ञान	कॉलिन्स असीसि*, सुहिता नाडकर्णी	4
BIO 325	पशु व्यवहार	राघव राजन*, आनंद कृष्णन	4
BIO 423	पारिस्थितिकी-II	दीपक बरुआ*, सागर पंडित	4
BIO 433	अनुप्रयुक्त पादप जीव विज्ञान	अंजन बैनर्जी	3
BIO 451 / IDC 451	डेटा विज्ञान	प्रणय गोयल	3
CHM 310	परिमाण रसायन विज्ञान	अनिर्बन हाज़रा*, अरुण वेंकटनाथन	4
CHM 321	कार्बनिक संश्लेषण-I	श्रीनिवास होथा	4
CHM 322	संक्रमण धातु रसायन विज्ञान	सुजित के. घोष*, शबाना खान	4
CHM 323	आणविक स्पेक्ट्रोस्कोपी के मूल सिद्धान्त	प्रमोद पिल्लै*, पार्थ हाज़रा	4
CHM 334	विलयन भौतिक रसायन विज्ञान	अंग्शुमन नाग*, मुहम्मद मुस्तफा और सीमा वर्मा	3
CHM 351	जैव कार्बनिक रसायन विज्ञान	एस.जी. श्रीवत्सन	3
ECS 320	डिजिटल संकेत विश्लेषण और प्रतिलोम सिद्धान्त	राहुल देहिया	4
ECS 321 / 326	वायुमंडलीय गतिशीलता	सुहास इट्टामल	4
ECS 322 / 324	भू-भौतिकी का परिचय	श्याम एस. राय*, राहुल देहिया	4
ECS 332	भू-रसायन विज्ञान	श्रेयस मानगवे	3
ECS 333	तलछट विज्ञान और स्तर विज्ञान	सुदीप्ता सरकार*, अंकुश श्रीवास्तव	3
ECS 334	जल विज्ञान	अर्घा बैनर्जी	3
HSS 331	भारत में गणितीय खगोल विज्ञान का विकास: एक ऐतिहासिक दृष्टिकोण	वेंकटेश्वर आर. पै	3
HSS 322	विज्ञान, इतिहास और रंगमंच	जॉन मैथ्यू	4
HSS 323	विज्ञान के श्रव्य-दृश्य संचार	अनिल झन्कर*, पूजा संचेती	4
HSS 352	प्रौद्योगिकी का दर्शनशास्त्र	प्रमोद तलगोरी*, जॉन मैथ्यू	3
MTH 320	वेक्टर स्पेसेज, रिंग्स और मॉड्यूल्स	मनीष मिश्रा	4
MTH 321	जटिल विश्लेषण	रोहित होलकर	4
MTH 322	बहुस्तरीय गणना	चित्रभानु चौधरी	4
MTH 323	ग्राफ सिद्धान्त	सौमेन मैती	4
MTH 328	कूट लेखन सिद्धान्त	कृष्णा कैपा	4
MTH 341	संख्या सिद्धान्त के लिए फूरियर विश्लेषण और अनुप्रयोग	कनीनिका सिन्हा	3
MTH 342	आइसोपेरिमेट्रिक समस्याओं का परिचय (एनकेएन)	अनिसा चोरवाडवाला	3
PHY 322	सांख्यिकीय यांत्रिकी-I	बिजय कुमार अगरवाल	4
PHY 321	परिमाण यांत्रिकी-II	सुनीता वरदराजन	4
PHY 341	नैनो पैमाने पर भौतिकी	सुरजीत सिंह	3
PHY 342	अरैखिक गतिशीलता	दीपक धर*, जी. अम्बिका	3
PHY 361	परिमाण सूचना	टी.एस. महेश	3
PHY 464	खगोल भौतिकीय प्रक्रियाएँ	प्रसाद सुब्रमणियन	3

बीएस एमएस छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियाँ

निम्नलिखित छात्रों को सीएनआर राव शिक्षा फाउंडेशन पुरस्कार प्रदान किया गया। ये पुरस्कार बीएस एमएस के प्रथम वर्ष के उन छात्रों को दिया जाता है जिन्होंने प्रथम दो सेमेस्टर में उच्चतम सीजीपीए प्राप्त किया।

01 प्रत्युष एम. आर. *(फाल 2017)*
02 शम्भावी एस. *(स्प्रिंग 2017)*

निम्नलिखित बीएस एमएस छात्रों को शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। ये पुरस्कार बीएस एमएस के उन छात्रों को दिया जाता हैं जिन्होंने 3 से 8 सेमेस्टर में उच्चतम सीजीपीए प्राप्त किया।

01 विराज मेरुलिया *(सेमेस्टर III, फाल 2017)*
02 पतकी रागिनी अभय *(सेमेस्टर IV, स्प्रिंग 2017)*

03 श्रद्धा लाल *(सेमेस्टर V और VI, शैक्षिक वर्ष 2016-17)*
04 भागवत पंकज उत्तम *(सेमेस्टर V और VI, शैक्षिक वर्ष 2016-17)*
05 जेवल एन मारिया जेवियन *(सेमेस्टर VII, VIII, शैक्षिक वर्ष 2016-17)*
06 कदम स्नेहल गिरीश *(सेमेस्टर VII, VIII, शैक्षिक वर्ष 2016-17)*

छात्रों द्वारा प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय इंटर्नशिप पुरस्कार

DAAD- WISE ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप 2017, जर्मनी

01	मनोज एम. हेगडे	कालस्रुहे प्रौद्योगिकी संस्थान (केआईटी), कालस्रुहे, जर्मनी
02	देविका वर्मा	ब्रेमेन विश्वविद्यालय, जर्मनी
03	बेसिला एम.ए.	पॉट्सडेम विश्वविद्यालय, जर्मनी
04	मीरा मोहन	लुडविग-मेक्सिमिलन्स-विश्वविद्यालय, मुनिच, जर्मनी
05	जोशी गौरव श्रीकान्त	लीबनिज़ इंस्टीट्यूट ऑन एजिंग-फ्रिट्ज लिपमैन इंस्टीट्यूट, जेना, जर्मनी
06	श्रद्धा लाल	मैक्स प्लैंक क्रमिक विकास जीव विज्ञान संस्थान, प्लोइन, जर्मनी
07	पी.वी.एस. पवन चन्द्र वम्सी	मुनिच तकनीकी विश्वविद्यालय (टीयूएम), मुनिच, जर्मनी
08	संदीप जॉय	फ्रीबर्ग अल्बर्ट-लुडविग्स विश्वविद्यालय, जर्मनी

चार्पक-अनुसंधान इंटर्नशिप कार्यक्रम, फ्रांस

01	निदा फरहीन	इंस्टीट्यूट डी बायोलॉजी पेरिस सीन (आईबीपीएस), फ्रांस
02	सुरभि के.एस.	लैंगविन इंस्टीट्यूट, ईएसपीसीआई पेरिस, फ्रांस
03	कोमल गुप्ता	इंस्टीट्यूट डी जेनेटिक एट डी बायोलॉजी मोलकुलायर एट सेल्युलायर (आईजीबीएमसी), स्ट्रैसबर्ग, फ्रांस

एस.एन. बोस विद्वान कार्यक्रम 2017

01 मालपाठक श्रेयस विजय टेक्सास तकनीकी विश्वविद्यालय, यू.एस.ए.

विनिमय कार्यक्रमों के माध्यम से और व्यक्तिगत प्रयासों के माध्यम से अन्य अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप इस रिपोर्ट के अंतर्राष्ट्रीय संबंध खंड में सूचीबद्ध हैं।

निम्नलिखित 41 बीएस एमएस छात्रों को इन्फोसिस फाउंडेशन छात्रवृत्ति पुरस्कार के लिए चुना गया जिससे उन्हें स्प्रिंग 2018 से स्प्रिंग 2019 तक की अवधि के लिए पूर्ण शिक्षा शुल्क में छूट प्रदान की गई।

ज्योतिष एस.	दीपांकर मैती	हसना एच.एस.
अजय वर्मा	वैभव उमाकांत कुंभार	मुहम्मद जिबिन पी.
सत्यम सौरभ	अंजना टी.	पी. बालकृष्ण
अखिल मिथरन	अविनाश वर्मा	सेरिन टी.एस.
हीना सुतार	नीमा रोज मंजिला	देवानंदन के.
विवेक कुमार	ऋषव कुमार	श्रुति जे. दास
अथिरा के.वी.	कीर्तना एम.	शशांक प्रीतम
सौरव राज	आदर्श कौल	श्रीकुट्टन एल.एस.
भद्राश्री आर. जीवन	वैभव सिंह	नाज़िया वी.
आर्य पी.वी.	अमन यादव	मनीष कुमार गुप्ता
महेन्द्र पटेल	शिवम यादव	अहमद सुहैल ओडुन्नात
सुजित एम.एस.	इंगले वैभव विजय	मीनल वाबले
अमर आलोक	विनय कुमार दैवाज्ना	तिरुमाला वेंकट चकताधर
अभिषेक ओझा	सागर गुप्ता	

दिनांक 19 मई, 2017 को आयोजित संस्थान के छटवें दीक्षान्त समारोह के दौरान, 109 छात्रों ने बीएस एमएस डुअल डिग्री प्राप्त की।
अक्षय एस. ने 9.9 सीजीपीए प्राप्त किया और उन्हें संस्थान के स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

निम्नलिखित 19 छात्र विशेष योग्यता (CGPA>9.0) के साथ उत्तीर्ण हुए:

सप्पा सुषमा तेजश्री	अनिर्बन शर्मा	बोडस आरुषि रविन्द्र
दर्शिनी रविशंकर	जोग हर्षवर्धन प्रसाद	येखोम्बा मुतुम
सुजय बी.	वी.आर. श्री स्मृति	इरेन दत्ता
सागरिका बसक	दिव्या गडकरी	निलिमा वालुन्जकर
अक्षय एस.	आशुतोष आचार्य	पापिया बेरा
अमितोश गौतम	वरुण श्रीवास्तव	
आदित्य ई. राजगोपालन	दीक्षा आदिल	



03

सम्मेलन, कार्यक्रम, और पहलें

106 / सम्मेलन, परिसंवाद, और कार्यशालाएँ


110 / समाचार और कार्यक्रम

116 / सार्वजनिक व्याख्यान

119 / अंतर्राष्ट्रीय संबंध

123 / अक्षय निधि

124 / आउटरीच गतिविधियाँ



सम्मेलन, परिसंवाद और कार्यशाला

आईआईएसईआर पुणे में भारत और बाहर से वैज्ञानिक समुदाय को एक साथ लाकर सम्मेलनों और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। ये शोधकर्ताओं के लिए उनके शोध पर चर्चा और विकास करने का अवसर प्रदान करते हैं।



विज्ञान फिल्म निर्माण पर कार्यशाला
अप्रैल 08-09, 2017
आयोजक विज्ञान मीडिया केन्द्र, आईआईएसईआर पुणे

राज्य शिक्षकों के विज्ञान कांग्रेस के लिए पूर्व-कार्यशाला
मई 02, 2017
आयोजक सीओईएमएसई, आईआईएसईआर पुणे; मराठी विज्ञान परिषद

इंटर-आईआईएसईआर गणित सम्मेलन
मई 11-12, 2017
आयोजक अनूप बिस्वास, अनिंद्या गोस्वामी

गैर-क्रमचयी बीजगणित में आधुनिक प्रवृत्तियाँ
जून 19-30, 2017
आयोजक रबेया बसु, विवेक मलिक

प्रायोगिक जीव विज्ञान में छात्र कार्यशाला
जून 21-24, 2017
आयोजक आईआईएसईआर पुणे; भारतीय विकासात्मक जीव विज्ञानी सोसाइटी

भारतीय विकासात्मक जीव विज्ञानी सोसाइटी की द्विवार्षिक बैठक
जून 24-27, 2018
आयोजक एल.एस. शशिधरा, गिरीश रत्नपारखी, अंजन बैनर्जी, रिचा रिखवी, संजीव गलांडे, गिरीश देशपांडे, अर्णब घोष

कैंसर रोग-प्रतिरक्षाचिकित्सा पर परिसंवाद
जून 24, 2017
आयोजक आईआईएसईआर पुणे; एनसीएल-उद्यम केन्द्र; प्रशांति कैंसर केयर मिशन

पी-एडिक समूह के प्रतिनिधित्व सिद्धान्त पर कार्यशाला और सम्मेलन
जुलाई 10-15 और 17-19, 2017
आयोजक एन्ने-मैरी ऑबर्ट (गणित संस्थान, जूसिया, फ्रांस); एलन रोके (ओक्लाहोमा विश्वविद्यालय, यूएसए); आईआईएसईआर पुणे से मनीष मिश्रा और स्टीवन स्पेलोन

ओक्लाहोमा विश्वविद्यालय (एमएचआरडी की जीआईएएन योजना) से डॉ. अमेय पितले द्वारा सीगल मॉड्यूलर फॉर्म और सहयोगी प्रतिनिधियों पर पाठ्यक्रम
अगस्त 07, 2017
आयोजक भास्कर बालसुब्रमण्यम

मुम्बई पुणे सॉफ्ट मैटर सम्मेलन
अगस्त 12, 2017
आयोजक अप्रतिम चटर्जी, शिवप्रसाद पाटील

ग्रामीण भारत के लिए स्वच्छ ऊर्जा अंतरण पर कार्यशाला
सितम्बर 04-08, 2017
आयोजक एडिनबर्ग विश्वविद्यालय (यूके); आईआईएसईआर पुणे

स्कूल के विज्ञान और गणित के शिक्षकों के लिए कार्यशाला
सितम्बर 16, 2017
आयोजक सीओईएसएमई, आईआईएसईआर पुणे; एनआईई (सकाळ)

महिलाओं के लिए विज्ञान प्रशासन और प्रबंधन कार्यशाला
सितम्बर 19-21, 2017
आयोजक सीओईएसएमई, आईआईएसईआर पुणे; न्यूटन भाभा फंड, ब्रिटिश कौंसिल

लेखन विज्ञान 2017 पर कार्यशाला
अक्टूबर 02-14, 2017
आयोजक विज्ञान प्रसार; विज्ञान मीडिया केन्द्र, आईआईएसईआर पुणे


LaTex पर कार्यशाला
अक्टूबर 10-14, 2017
आयोजक सीओईएसएमई, आईआईएसईआर पुणे

नो गार्लन्ड न्यूरोसाइंस बैठक
अक्टूबर 13-15, 2017
आयोजक कॉलिन्स असीसि, सुहिता नाडकर्णी

साइटोपंजर अनुसंधान में सीमान्त क्षेत्रों पर ईएमबीओ कार्यशाला
अक्टूबर 29 – नवम्बर 01, 2017
आयोजक कार्सटेन जंके (क्यूरी संस्थान, ओर्से, फ्रांस); अर्णब घोष (आईआईएसईआर पुणे)

महाविद्यालय के शिक्षकों के लिए हरित रसायन विज्ञान कार्यशाला
नवम्बर 06-08, 2017
आयोजक सीओईएसएमई, आईआईएसईआर पुणे

महिलाओं के लिए विज्ञान पत्रकारिता कार्यशाला
नवम्बर 13-17, 2017 और जनवरी 08-09, 2018



आयोजक सीओईएसएमई, आईआईएसईआर पुणे; न्यूटन भाभा फंड, ब्रिटिश कौंसिल

क्रमचयी बीजगणित और बीजगणितीय ज्यामिति (सीएएजी) 2017 पर सम्मेलन

दिसम्बर 05-08, 2017

आयोजक रवि ए. राव (टीआईएफआर, मुम्बई); विवेक मलिक (आईआईएसईआर पुणे)

राज्य स्कूल शिक्षक विज्ञान कांग्रेस

दिसम्बर 08-09, 2017

आयोजक मराठी विज्ञान परिषद; सीओईएसएमई, आईआईएसईआर पुणे

अकार्बनिक रसायन विज्ञान में आधुनिक प्रवृत्तियों (MTIC-XVII) पर सम्मेलन

दिसम्बर 13-14, 2017

आयोजक सीएसईआर-एनसीएल; आईआईएसईआर पुणे; और एसपीपीयू

क्रमिक विकास और एकीकृत जीव विज्ञान (CEIB) 2017 पर सम्मेलन

दिसम्बर 21-22, 2017

आयोजक एल.एस. शशिधरा, सुतीर्थ डे, नीलेश डहानुकर, उल्फत बैग, और मिलिंद वाटवे प्रयोगशाला सदस्य

INSA की वार्षिक सामान्य बैठक

दिसम्बर 27-29, 2017

आयोजक आईएनएसए, नई दिल्ली; आईआईएसईआर पुणे

रासायनिक जीव विज्ञान पर आईआईएसईआर-वैजमन संस्थान का विज्ञान सम्मेलन

जनवरी 17-19, 2018

आयोजक मयूरिका लाहिड़ी, राघवेन्द्र किक्केरी, अमृता हाज़रा, सिद्धेश कामत, नरेश शर्मा

गणित और भौतिक विज्ञान के इंटरडिसिप्लिनरी स्ट्रैंड्स पर कार्यशाला: फूरियर विश्लेषण

जनवरी 19-23, 2018

आयोजक दीपक धर (आईआईएसईआर पुणे); रोहिणी गोडबोले (आईआईएससी, बेंगलुरु)

परिसीमित कोशिकीय स्थान के अंदर और सभी जगह गतिशीलता

फरवरी 02-03, 2018

आयोजक थॉमस पुकाड्यिल, अर्णब घोष

डेक्कन बेसाल्ट के क्रमिक विकास पर कार्यशाला

फरवरी 12-13, 2018

आयोजक श्रेयस मानगवे

संयुक्त खगोल और कण भौतिकी बैठक

फरवरी 25, 2018

आयोजक आईयूसीएए-आईआईएसईआर गुरुत्वाकर्षण भौतिकी और खगोल विज्ञान गतिविधि केन्द्र के सदस्य के रूप में सौरभ दुबे, सीमा शर्मा

उच्च ऊर्जा भौतिकी में इंडो-फ्रेंच नेटवर्क की द्वितीय बैठक

फरवरी 26-28, 2018

आयोजक सौरभ दुबे, सीमा शर्मा

भारतीय जैवभौतिकीय सोसाइटी की 42वीं वार्षिक बैठक

मार्च 09-11, 2018

आयोजक जीतेन्दर चुघ, सांईकृष्णन कायरत, एम.एस. मधुसूदन

विज्ञान के लिए उच्च प्रदर्शन कम्प्यूटिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर कार्यशाला

मार्च 10-11, 2018

आयोजक आईआईएसईआर पुणे; इंटेल

पैरामीटराइज्ड एल्गोरिथ्म्स पर कार्यशाला

अप्रैल 08, 2018

आयोजक सौमेन मैती

समाचार और कार्यक्रम

स्थापना दिवस 2017

अप्रैल 10, 2017

प्रो. के.एन. गणेश के द्वारा निदेशक रिपोर्ट की प्रस्तुति के बाद, मुख्य अतिथि डॉ. एम.एन. राजीवन (सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय) ने स्थापना दिवस व्याख्यान दिया। आईआईएसईआर पुणे के भूतपूर्व छात्रों के लिए पोर्टल छात्र पत्रिका कल्पा 2017 और दिशा की कालक्रम से अभिलेखन पत्रिका पहल 2017 का विमोचन किया गया। छात्रों और कर्मचारियों को उनके शैक्षिक और पेशेवर उत्कृष्टता के सम्मान में स्थापना दिवस पुरस्कार प्रदान किया गया।





(बाएं) डॉ. एम.एन. राजीवन 2017 स्थापना दिवस व्याख्यान देते हुए; (दाएं) कल्पा की संपादकीय टीम डॉ. राजीवन और प्रो. के.एन. गणेश के साथ (बाएं से दाएं)

भास्कर प्रयोगशाला उद्घाटन

मई 10, 2017

प्रो. के.एन. गणेश के द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की एस एंड टी अवसंरचना के सुधार के लिए निधि (एफआईएसटी) योजना के अंतर्गत स्थापित भास्कर कम्प्यूटर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर एस पी पुणे विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग की प्रो. आकांक्षा काशिकर के द्वारा सॉफ्टवेयर 'R' पर प्रायोगिक व्याख्यान/कार्यशाला आयोजित की गई। आईआईएसईआर पुणे के मुख्य भवन में स्थित, प्रयोगशाला का उपयोग गणित की दुनिया में विभिन्न कम्प्यूटेशनल सॉफ्टवेयर पर अनुदेशात्मक कार्यशालाओं के आयोजन के लिए किया जाएगा।

दीक्षान्त समारोह 2017

मई 19, 2017

आईआईएसईआर पुणे के छटवें दीक्षान्त समारोह के दौरान, 109 बीएस एमएस छात्रों, 1 एकीकृत पीएचडी और 41 पीएचडी छात्रों को उपाधियाँ प्रदान की गई। श्री अक्षय एस. को बीएम एमएस पाठ्यक्रम में शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए संस्थान स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इस वर्ष पहली बार पेश किए गए श्रेष्ठ शोध प्रबंध पुरस्कार, एक्सटेल इंडिया की अक्षय निधि के माध्यम से सृष्टि धर (जीव विज्ञान), तन्मय साहा (रसायन विज्ञान), नेहा प्रभु (गणित), और कौशिक कर्माकर (भौतिक विज्ञान) को प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि डॉ. आर.ए. माशेलकर ने अपने दीक्षान्त समारोह संबोधन में आईआईएसईआर की उत्पत्ति और भारतीय विज्ञान के लिए उनके दृष्टिकोण के बारे में बात की तथा अपने बच्चों को शिक्षा का अनमोल उपहार देने के लिए स्नातकों के माता-पिता की सराहना की।

आंतरिक अनुसंधान परिसंवाद

इस वर्ष के दौरान जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, पृथ्वी और जलवायु विज्ञान, और गणित विभाग के द्वारा क्रमश: चार आंतरिक अनुसंधान परिसंवाद अर्थात् बायोकोनक्लेव (अगस्त 4-5, 2017), केमसिम्फोरिया (जुलाई 18-19, 2017), समीक्षा (अक्टूबर 07-08, 2017), और गणित परिसंवाद (सितम्बर 08-09-, 2017) का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य प्राथमिक श्रोताओं के रूप में छात्रों को संस्थान में प्रत्येक विषय में किए जा रहे विभिन्न अनुसंधान क्षेत्रों के लिए सिंहावलोकन प्रदान करना है।

गुरुत्वाकर्षण भौतिकी और खगोल विज्ञान केन्द्र स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन

अगस्त 02, 2017

संस्थान ने सहयोगी अनुसंधान एवं शिक्षण गतिविधि, और इस क्षेत्र में चुनौतियों के प्रति प्रतिभाशाली युवा अनुसंधानकर्ताओं को उजागर करने के दोहरे लक्ष्य के साथ, संयुक्त रूप से गुरुत्वाकर्षण भौतिकी और खगोल विज्ञान (सीजीपीए) केन्द्र स्थापित करने के लिए आईयूसीसीए के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। केंद्र द्वारा भारत में योजनाबद्ध उन्नत लेजर इंटरफेरोमीटर गुरुत्वाकर्षण-तरंग वेधशाला (एलआईजीओ) से जुड़े अपेक्षित वैज्ञानिक अवसरों और चुनौतियों को पूरा करने के लिए अत्यधिक कुशल व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान करने में योगदान देना प्रत्याशित है।

श्रीमती इंद्राणी बालन विज्ञान गतिविधि केन्द्र के लिए अनुबंध

अगस्त 10, 2017

मई 2016 में बालन समूह के द्वारा आईआईएसईआर पुणे के लिए अक्षय निधि की घोषणा के बाद, दो संगठनों ने आईआईएसईआर पुणे में विज्ञान गतिविधि केन्द्र के लिए भवन निर्माण हेतु औपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। हालाँकि निर्माण अभी शुरु नहीं हुआ है, जबकि पूरे वर्ष के दौरान परिसर और स्कूलों में कार्यशालाओं के माध्यम से 10,000 से अधिक छात्र और शिक्षकों की संख्या तक पहुँचने वाले परिसर में इंद्राणी बालन विज्ञान गतिविधि केन्द्र से संबंधित सार्वजनिक नियुक्ति और विज्ञान शिक्षा गतिविधियाँ पहले ही शुरु हो चुकी है।

सिप्ला फाउंडेशन के सहयोग से पूर्वस्नातक रसायन विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण

अगस्त 14, 2017

सिपला फाउंडेशन ने आईआईएसईआर पुणे के साथ पूर्व में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसमें वह पूर्वस्नातक छात्रों के लिए आधुनिक रसायन विज्ञान अनुसंधान प्रयोगशाला के निर्माण हेतु संस्थान की अक्षय निधि में योगदान करने के लिए प्रतिबद्ध था। भूमि-पूजन समारोह के माध्यम से निर्माण की औपचारिक शुरुआत हुई जिसमें सिपला के डॉ. युसुफ हमीद और श्री एम.के. हमीद, तथा सिपला फाउंडेशन की सुश्री रुमाना हमीद उपस्थित थी।



(बाएं से दाएं): श्री एम.के. हमीद, प्रो. के.एन. गणेश, डॉ. युसुफ हमीद, सुश्री रुमाना हमीद और कर्नल जी. राजा सेखर

यह 20,000 वर्ग फुट क्षेत्र में आंतरिक अत्याधुनिक अनुसंधान प्रयोगशाला है, इस सुविधा से

शिक्षक एवं छात्र प्रशिक्षण से जुड़ी आउटरीच गतिविधियों के लिए स्थान प्रदान करना और उद्योग-शैक्षिक परस्पर संवाद के विकास के लिए मंच के रूप में कार्य करना अपेक्षित है।

पर्किनएल्मर-भारत उत्कृष्टता केन्द्र
अगस्त 16, 2017

संस्थान के मुख्य भवन में पर्किनएल्मर के द्वारा जीवन विज्ञान के अनुसंधानकर्ताओं और छात्राओं के लिए उन्नत उपकरण सुविधा स्थापित की गई। इस सुविधा में उपकरण, जैसे उच्च सामग्री विश्लेषण और स्वचालित तरल संचालन वर्कस्टेशन, प्लेट रीडर्स, तथा बहुवर्णक्रम संबंधी छवि एवं DNA/RNA विश्लेषण शामिल है। केन्द्र पूरे भारत में वैज्ञानिकों के लिए वार्षिक कार्यशालाएँ आयोजित करने की योजना बना रहा है। इस उपकरण सुविधा में जीवन विज्ञान में उच्च-प्रवाह क्षमता विश्लेषणों पर क्षेत्र के वर्तमान और भविष्य के वैज्ञानिकों को शिक्षित करने में सहायता के लिए विचार किया गया है।



उद्घाटन में आईआईएसईआर पुणे के सदस्य और पर्किनएल्मर के प्रतिनिधि

हिन्दी पखवाड़ा समारोह
सितम्बर 01-14, 2017

हिन्दी पखवाड़ा समारोह में दो व्याख्यान शामिल थे: डॉ. सुनील देवधर (भूतपूर्व सहायक निदेशक (का.), आकाशवाणी, पुणे) ने “भाषा, विज्ञान और साहित्य का समन्वय”, और प्रो. साहेब अली (मुम्बई विश्वविद्यालय) “हिन्दुस्तान में उर्दू ज़बान का मुस्तक़बिल” विषय पर व्याख्यान दिया; तथा कविता पाठन, पत्र लेखन, चित्रकला, एवं अंताक्षरी प्रतियोगिताओं के साथ नाट्य क्लब के छात्रों द्वारा शीर्षक “सस्ते जहाज का सपना” पर नाटक प्रस्तुत किया गया।

आवासीय ब्लॉक D का उद्घाटन
अक्टूबर 30, 2017

वर्ष के दौरान आवासीय संकुल का तीसरा ब्लॉक, ब्लॉक D का निर्माण पूरा हो गया और उपजीविका के लिए तैयार था। इमारत का औपचारिक रूप से उद्घाटन तत्कालीन निदेशक प्रो. के.एन. गणेश के द्वारा किया गया था।

क्लारिवेट एनालिटिक्स इंडिया का अनुसंधान उत्कृष्टता पुरस्कार
नवम्बर 03, 2017

आईआईएसईआर पुणे ने ’15 वर्षों के भीतर स्थापित संस्थानों’ की श्रेणी में वर्ष 2017 के लिए क्लारिवेट एनालिटिक्स इंडिया अनुसंधान उत्कृष्टता - साइटेशन अवार्ड जीता। इन पुरस्कारों के 6वें भाग का समारोह दिनांक 03 नवम्बर, 2017 को नई दिल्ली में हुआ, जहाँ आईआईएसईआर पुणे को दो समग्र संस्थान-स्तर पुरस्कारों में से एक प्रदान किया गया। यह पुरस्कार अनुसंधान उत्कृष्टता, निर्दिष्ट श्रेणियों में उत्कृष्ट शोध योगदान, और उस क्षेत्र में अनुसंधान पर प्रभाव की पहचान करता है। अनुसंधान के समाघात और प्रभाव को अनुसंधान उद्धरणों के विश्लेषण द्वारा निर्धारित किया जाता है जैसा कि विज्ञान विद्वतापूर्ण अनुसंधान डेटाबेस और इनसाइट्स अनुसंधान विश्लेषण उपकरण में कैप्चर किया गया है।

iGEM प्रतियोगिता में आईआईएसईआर पुणे टीम
नवम्बर 09-13, 2017

संस्थान के सात पूर्वस्नातक छात्रों की टीम ने अंतर्राष्ट्रीय आनुवंशिक रूप से डिज़ाइन मशीन (iGEM) प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। यह बोस्टन यूएसए (नवम्बर 9-13, 2017) में आयोजित एक संश्लिष्ट जीव विज्ञान प्रतियोगिता है जिसमें 44 देशों के छात्रों की 310 टीमों ने भाग लिया था। छात्र उपदेशकों के साथ डॉ. चैतन्य आठले की प्रयोगशाला में काम करते हुए, टीम ने आनुवंशिक रूप से संशोधित रोगजनकों के लिए संभावित सुरक्षा चिंताओं को दूर करने की रणनीति प्रस्तुत की।

इससे पहले वर्ष में, आईआईएसईआर पुणे ने दो दिवसीय iGEM 2017 इंडिया रीजनल मीट-अप की मेजबानी की जिसमें पूरे भारत के 10 विभिन्न संस्थानों की टीमों ने भाग लिया।

6वाँ इंटर आईआईएसईआर स्पोर्ट्स मीट (आईआईएसएम)
दिसम्बर 18-22, 2017

आईआईएसईआर मोहाली में आयोजित 6वें इंटर आईआईएसईआर स्पोर्ट्स मीट (आईआईएसएम) में, आईआईएसईआर पुणे टीम को फुटबॉल (पुरुष), कबड्डी (पुरुष), बास्केट बॉल (महिला), और वॉलीबॉल (महिला) में विजेता; लॉन टेनिस (पुरुष, महिला, और मिक्स) और बैडमिंटन (मिक्स) में द्वितीय विजेता घोषित किया गया; तथा टीम ने एथलेटिक्स कार्यक्रमों में 5 स्वर्ण, 1 रजत, और 5 कांस्य पदक जीते। आईआईएसईआर पुणे को समग्र चैंपियनशिप रैंकिंग में तीसरा स्थान मिला।

परिसर में विशिष्ट आगंतुक

मानव संसाधन विभाग मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर (अक्टूबर 01, 2017) और एमएचआरडी के राज्य मंत्री डॉ. सत्य पाल सिंह (फरवरी 12, 2018) ने संकाय सदस्यों और छात्रों के साथ बातचीत करने के लिए संस्थान का दौरा किया। नोबेल पुरस्कार विजेता रिचर्ड हैंडर्सन (एमआरसी लेबोरेटरी ऑफ मोलेक्यूलर बायोलॉजी, कैम्ब्रिज, यूके); और मणि रामस्वामी (ट्रिनिटी कॉलेज इंस्टीट्यूट फॉर न्यूरोसाइंस, डबलिन, आयरलैंड) संस्थान के आगंतुक हैं (इस प्रतिवेदन में सार्वजनिक व्याख्यान अध्याय भी देखें)।



(बाएं) मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर संकाय सदस्यों के साथ बातचीत करते हुए; (दाएं) मानव संसाधन विकास के राज्य मंत्री (उच्चतर शिक्षा) डॉ. सत्य पाल सिंह का दौरा

छात्र टीमों द्वारा कार्यक्रम

- आईआईएसईआर पुणे के उद्यमिता और नवोन्मेष प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित टेकस्टार्स ग्लोबल स्टार्टअप वीकेंड 2017 (नवम्बर 10-12, 2017) ने उपदेशकों के साथ चर्चा के

माध्यम से उत्पादों जैसे समाचार सेवाओं, यात्रा ऐप्स, स्मार्ट वार्डरोब्स, इत्यादि पर स्थिर विचार के विकास के लिए प्रतिभागियों को अवसर प्रदान किया। टेकस्टार्स ग्लोबल स्टार्टअप वीकेंड के अगले दौर में प्रतिस्पर्धा करने के लिए विचारों में से एक विचार (iDresser) का चयन किया गया।



2017 टेक्स्टार्स स्टार्टअप वीकेंड के प्रतिभागी

- प्रश्नोत्तरी और विज्ञान क्लब ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह के भाग के रूप में कक्षा 8-12 के स्कूल के छात्रों के लिए चौथी लिनस पॉलिंग इंटर स्कूल विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (फरवरी 28, 2018) आयोजित की।

- मीमांसा पूर्वस्नातक छात्रों के लिए राष्ट्रीय-स्तर की वार्षिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता है। जनवरी 2018 में आयोजित प्रारंभिक दौर के बाद, मार्च 17-19, 2018 के दौरान दो दिवसीय मीमांसा फाइनल दौर का आयोजन किया गया।

सरस्वती सुपरक्लस्टर और विशालकाय रेडियो आकाशगंगाओं की खोज

आईआईएसईआर पुणे का भौतिक विज्ञान का पीएचडी छात्र, शिशिर संख्यायन दो प्रमुख खगोलीय खोजों में शामिल था जिसने विश्वव्यापी ध्यान आकर्षित किया – सुपरक्लस्टर सरस्वती (Astrophys. J. (844(1):25) और 25 दुर्लभ विशालकाय रेडियो आकाशगंगाएँ (Mon. Notices Royal Astron. Soc (469(3):2886-2906). संख्यायन ने आईयूसीएए, पुणे में अनुसंधानकर्ताओं के साथ इस कार्य को पूरा किया।

विषय-आधारित कार्यक्रम

संस्थान ने पूरे वर्ष में इन कार्यक्रमों को मनाया: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2017); स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त, 2017); गांधी जयंती (02 अक्टूबर, 2017); सतर्कता जागरूकता सप्ताह (30 अक्टूबर से 04 नवम्बर, 2017 तक); राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर, 2017); और संविधान दिवस (26 नवम्बर, 2017)। छात्रों और कर्मचारियों ने भारत द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए (09 अगस्त, 2017) तथा कार्यस्थल के भीतर और बाहर साफ-सफाई बनाए रखने के लिए (22 सितम्बर, 2017) प्रतिज्ञा ली।

गणित दिवस या pi-दिवस, जो कि pi-मूल्य की समानता के कारण प्रतिवर्ष 14 मार्च को मनाया जाता है, दिनांक 10 मार्च, 2018 को आईआईएसईआर पुणे में मनाया गया। यह कार्यक्रम जनता के लिए खुला था और इसमें प्रो. सी.एस. अरविन्दा, टीआईएफआर-सीएएम, बेंगलुरु के द्वारा कोलोक्वियम; प्रश्नोत्तरी और अन्य मजेदार कार्यक्रम; तथा आईआईएसईआर पुणे के अंदर और बाहर के छात्रों के द्वारा नाटक प्रदर्शन शामिल था।



दिनांक 19 मई, 2017 को आयोजित आईआईएसईआर पुणे के छटवें दीक्षांत समारोह के दौरान, 109 बीएस एमएस छात्रों, 1 एकीकृत पीएचडी, और 41 पीएचडी छात्रों को उपाधि प्रदान की गई।

सार्वजनिक व्याख्यान

आईआईएसईआर पुणे ने वर्ष 2017-18 के दौरान कुल 263 अनुसंधान संगोष्ठियों की मेज़बानी की। इसके अलावा, संस्थान ने ब्लैक होल, मस्तिष्क कार्य, क्रमिक विकास, गणित शिक्षा, भाषा की संरचना, आदि सहित विभिन्न विषयों पर कई सार्वजनिक व्याख्यान भी आयोजित किए।

नामित व्याख्यान के भाग के रूप में या आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से आयोजित सार्वजनिक व्याख्यान जनता के सभी सदस्यों के लिए खुले हैं, इस प्रकार परिसर से परे विज्ञान और गणित में हालिया प्रगति पर जानकारी प्रसारित करते हैं।




दिनांक	व्याख्यान का शीर्षक	वक्ता	संबद्धता
जून 17, 2017	साइंस सर्कस	डॉ. ग्राहम वॉकर	ऑस्ट्रेलियन राष्ट्रीय विश्वविद्यालय
अक्टूबर 12, 2017	साइंस एंड मीडिया: द ट्वेन शल मीट	दिनेश शर्मा	पत्रकार और लेखक
नवम्बर 08, 2017	एविडेन्स फॉर दि आर्टिसन इन इंडस स्क्रिप्ट	एम.वी. भास्कर	सीईओ, ऑथरकैफे
नवम्बर 10, 2017 **मुखी स्मारक मानवाधिकार व्याख्यान**	दि इम्पोर्टेन्स ऑफ ह्यूमन राइट्स इन इंडिया डाइवर्स डेमोक्रेसी: ए पर्सपेक्टिव	विवेक दीवान	मानवाधिकार वकील और कानूनी परामर्शदाता
नवम्बर 14, 2017 **चौथा वार्षिक होमी भाभा स्मारक सार्वजनिक व्याख्यान**	स्ट्रेंज मेटल्स एंड ब्लैक होल्स	सुबीर सचदेव	हार्वर्ड विश्वविद्यालय, यूएसए
दिसम्बर 22, 2017	इवॉल्यूशन एंड रेशनलिटी	जेरी कोयने	पारिस्थितिकी और विकास विभाग, शिकागो विश्वविद्यालय, यूएसए
जनवरी 08, 2018 **तंत्रिका विज्ञान में के.एस. कृष्णन स्मारक व्याख्यान**	द डार्क साइड ऑफ द ब्रेन	मणि रामास्वामी	निदेशक, त्रिनिटी कॉलेज इंस्टीट्यूट फॉर न्यूरोसाइंस, डबलिन, आयरलैण्ड
जनवरी 12, 2018	रीमन ''नोवेअर डिफरेन्सिएबल'' कन्टीन्यूअस फ़ंक्शन	विल्फ्राइड स्किमड	ड्वाइट पार्कर रॉबिन्सन चेयर प्रोफेसर, हार्वर्ड विश्वविद्यालय
जनवरी 13, 2018	द रोल ऑफ मैथमेटिसियन्स इन K-12 मैथमेटिक्स एजुकेशन		
जनवरी 21, 2018	द cryoEM रिवॉल्यूशन इन स्ट्रक्चरल बायोलॉजी	रिचर्ड हैंडर्सन	एमआरसी लेबोरेटरी ऑफ मोलेक्यूलर बायोलॉजी, कैम्ब्रिज, यूके रसायन विज्ञान में 2017 नोबेल पुरस्कार विजेता
जनवरी 31, 2018	इवॉल्यूशन ऑफ कोऑपरेटिव बिहेवियर	माधव गाडगिल	

दिनांक	व्याख्यान का शीर्षक	वक्ता	संबद्धता
फरवरी 28, 2018 **विज्ञान दिवस के भाग के रूप में सार्वजनिक व्याख्यान**	एमर्जेन्स इन कंडेन्स्ड मैटर फिजिक्स	आर. शंकर	आईएमएससी, चेन्नै
	द रिवर्स फ्लो: वाट केन साइंस लर्न फ्रॉम इलिटरेट पीपल	मिलिंद वाटवे	आईआईएसईआर पुणे
	कन्स्ट्रक्टिंग थ्योरीज ऑफ द स्ट्रक्चर ऑफ लेंग्वेज, स्पीसीज एंड कल्चर्स	के.पी. मोहनन	प्रोफेसर और शिक्षाविद, थिनक्यू के सदस्य
मार्च 31, 2018	डिकन्स्ट्रक्शन ऑफ द Ras स्विचिंग साइकल थ्रू सेचुरेशन म्युटाजेनेसिस	जॉन कुरियन	कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्केली

अंतर्राष्ट्रीय संबंध

आईआईएसईआर पुणे अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी का उद्देश्य दुनिया भर के शिक्षाविदों के साथ अनुसंधान और शिक्षण विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। संस्थान प्रतिनिधिमंडल की मेज़बानी करता है, साझेदारी बनाता है, और अपने अंतर्राष्ट्रीय संबंध कार्यालय के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय छात्रों और विद्वानों के लिए अवसर प्रदान करता है।





वर्ष 2017-18 के दौरान प्रमुख गतिविधियों में रासायनिक जीव विज्ञान पर तीन दिवसीय सम्मेलन (17-19 जनवरी, 2018) और नागरिक विज्ञान प्रदर्शनी (21 फरवरी से 02 मार्च, 2018 तक) हैं।

वैजमन विज्ञान संस्थान, इजराइल के 13 संकाय सदस्यों और 11 छात्रों के 24-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने रासायनिक जीव विज्ञान सम्मेलन के हिस्से के रूप में आईआईएसईआर पुणे का दौरा किया जहाँ आईआईएसईआर पुणे और वैजमन विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिकों ने संभावित अनुसंधान सहयोगों की संभावनाओं के साथ रासायनिक जीव विज्ञान में नवीनतम प्रगति पर चर्चा की।

ज्यूरिक विश्वविद्यालय (यूजेडएच) और अन्य स्विस विश्वविद्यालयों के द्वारा संचालित कुल 19 नागरिक विज्ञान परियोजनाएँ भागीदारी अनुसंधान पर नागरिक विज्ञान पोस्टर प्रदर्शनी में शामिल थी। परियोजनाएँ अलग-अलग विषयों से थीं, उन तरीकों पर चित्रण करती थीं जिनमें नागरिकों को उनके शोध में शामिल किया गया था। भाषा; ब्रह्मांड; प्रकृति और परिदृश्य; मानव जाति और स्वास्थ्य; तथा इतिहास और डिजिटलीकरण जैसे पाँच प्रमुख क्षेत्र शामिल थे। यूजेडएच ग्रेजुएट कैंपस और स्विसनेक्स इंडिया द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था और स्टिफ्टंग मर्केटर श्वेज़ द्वारा सहायता प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में यूजेडएच प्रतिनिधियों और शोधकर्ताओं ने भी वार्ता की, जिन्होंने अपनी परियोजनाओं पर अंतर्दृष्टि प्रदान की और नागरिक विज्ञान में यूजेडएच की पहल की।

आईआईएसईआर पुणे ने पीएचडी छात्रों के उद्यमी कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बोनजोर इंडिया के अंतर्गत इंस्टिट्यूट फ्रांसीसी इंडिया द्वारा आयोजित 24 घंटे गैर-स्टॉप उद्यमिता चुनौती (1-2 दिसम्बर, 2017) की मेज़बानी की।

मौजूदा समझौता ज्ञापन के अंतर्गत गतिविधियाँ

1. ईएनएस, फ्रांस: अनुसंधानकर्ताओं के साथ बातचीत करने और सहयोग के अवसरों का पता लगाने के लिए दोनों संगठनों के सदस्यों के द्विपक्षीय दौरे आयोजित किए गए।

2. ग्लासगो विश्वविद्यालय, यूके: इरास्मस+ वित्त पोषण के

तहत सहयोग और गतिशीलता पर चर्चा करने के लिए प्रो. आयन वाटसन (ग्लास्गो विश्वविद्यालय) और प्रो. विलियम कुशले (यूरेशिया के लिए अंतर्राष्ट्रीय अधिष्ठाता) ने दौरा किया। इसके एक भाग के रूप में, ग्लास्गो विश्वविद्यालय से पीएचडी छात्र वर्ष 2018 के दौरान चार महीनों के लिए आईआईएसईआर पुणे में प्रो. सतीश ओगले की प्रयोगशाला का दौरा करेंगे।

3. गोएटिंगेन विश्वविद्यालय, जर्मनी: गतिशीलता और अंतर्राष्ट्रीयकरण के विषयों पर तीन संयुक्त कार्यशालाएँ आयोजित की गई, जिनमें से दो पुणे (16 सितम्बर, 2017; 11-12 नवम्बर, 2017) और गोवा में एक (4-6 जुलाई, 2017) आयोजित की गई थी। गोएटिंगेन विश्वविद्यालय इन कार्यक्रमों का प्राथमिक आयोजक था जिसने पीएचडी छात्रों और पोस्टडॉक्टरल अध्येताओं के लिए कैरियर विकास संसाधनों के साथ शोध अवसरों पर जानकारी प्रदान की।

4. मेलबोर्न विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया: मेलबोर्न विश्वविद्यालय से एंड्रयू ड्रिनन ने चल रहे मिश्रित बीएससी पाठ्यक्रम की गुणवत्ता आश्वासन और स्थायित्व पर चर्चा करने के लिए दौरा किया। संस्थागत स्तर पर जैव विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान सहयोग पर चर्चा करने के लिए दिनांक 29 जनवरी, 2018 को अधिष्ठाता (करेन डे) और प्रतिनिधिमंडल (लौरा पैरी-सहयोगी अधिष्ठाता अनुसंधान और उद्योग; एलेक्स जॉनसन- सहयोगी अधिष्ठाता अंतर्राष्ट्रीय ने दौरा किया।

5. टेम्पल विश्वविद्यालय, यूएसए: आईआईएसईआर-टीयू डीएमडीडी (दोहरी स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट उपाधि) पाठ्यक्रम के तहत, बीएस एमएस के 5वें वर्ष के छात्र टीयू में शोध कार्य कर सकते हैं जिसे टीयू में अपनी पीएचडी के पहले वर्ष के लिए माना जाता है। प्रोफेसर एरिक बोर्गुएट (विज्ञान और प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, टेम्पल विश्वविद्यालय) ने डीएमडीडी का विस्तार करने और संस्थान में अन्य विषयों के लिए रसायन विज्ञान से अनुसंधान सहयोग तथा मई 2018 से ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के लिए छात्र आदान-प्रदान शुरू करने का पता लगाने के लिए दिनांक 25 अक्टूबर, 2017 को दौरा किया।

6. अन्य चल रही साझेदारियों से संबंधित दौरे: वर्ष के दौरान डॉ. मंजूनाथ कीनि, एनयूएस सिंगापुर; सुश्री पूनम सहगल सूरी, कार्यालय प्रबंधक, मैक्स प्लेंक सोसाइटी इंडिया; प्रो. फरीना मीर, मिशिगन विश्वविद्यालय; डॉ. सेन्ड्रिन मेक्सिमिलिएन, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अकादमिक मामला कार्यालय, फ्रांस दूतावास, भारत; प्रो. अभय शुक्ला, सोर्बोन विश्वविद्यालय (इरास्मस+ के माध्यम से); और श्री आलोक श्रीवास्तव, ब्रिटिश व्यापार कार्यालय ने भविष्य निर्देशनों के साथ चल रही साझेदारियों पर चर्चा करने के लिए दौरा किया।

वर्ष के दौरान अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों/ प्रतिनिधियों ने दौरा किया

विदेशी विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संगठनों, उच्च आयोगों, वाणिज्य दूतावासों और दूतावासों के शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं, और प्रशासकों के प्रतिनिधिमंडलों एवं अन्य पेशेवरों ने अनुसंधान सहयोगों और शैक्षणिक पाठ्यक्रमों का पता लगाने और चर्चा करने के लिए आईआईएसईआर पुणे का दौरा किया। इनमें 10 देशों से 23 ऐसे दौरा शामिल हैं (कोष्ठक में दौरों की संख्या दिखाई गई है): कनाडा (02); डेनमार्क (01); फ्रांस (02); जर्मनी (01); जापान (02); कोरिया (01); स्पेन (01); स्विटजरलैण्ड (01); यूके (04); और यूएसए (08)।

निर्मामी छात्र

संस्थान के कुल 59 छात्रों (बीएस एमएस, एकीकृत पीएचडी, और पीएचडी) ने इंटर्नशिप और प्राप्त यात्रा पुरस्कारों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में प्रतिभागिता की।

- 8 पूर्वस्नातक छात्रों को जर्मन संस्थानों / विश्वविद्यालयों में डीएएडी वित्त पोषित ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के लिए चुना गया।
- 3 पूर्वस्नातक छात्रों को फ्रांसीसी संस्थानों / विश्वविद्यालयों में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप हेतु चार्पक अनुसंधान इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए चुना गया।
- 1 पूर्वस्नातक छात्र को यूएसए में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप करने के लिए एसएन बोस कार्यक्रम के अंतर्गत चुना गया।
- 6 बीएस एमएस छात्रों ने मिशिगन-आईआईएसईआर विज्ञान विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत मिशिगन विश्वविद्यालय में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप की।
- 5 छात्रों ने ईएनएस में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप और पाँचवें वर्ष की परियोजना की।
- 3 छात्रों ने मैक्स प्लेंक इंस्टिट्यूट में इंटर्नशिप की।
- 19 पूर्वस्नातक छात्र विभिन्न अन्य विदेशी संस्थानों/ विश्वविद्यालयों में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप/ पाँचवें वर्ष की परियोजना के लिए गए।
- 8 एकीकृत पीएचडी छात्र और 6 पीएचडी छात्र अपने शोध कार्य का हिस्सा पूरा करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के तहत विदेश गए।

आवक छात्र

विदेशों से कुल 6 छात्रों ने अल्पकालीन शोध परियोजनाओं को पूरा करने के लिए विनिमय कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में आईआईएसईआर पुणे का दौरा किया।

इसके अलावा, पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय के छात्रों के एक समूह ने मार्च 2018 के दौरान एक सप्ताह के लिए अपनी अध्ययन यात्रा हेतु आईआईएसईआर पुणे का दौरा किया।

- मिशिगन-आईआईएसईआर विज्ञान विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत 3 छात्र
- आईआईएसईआर-ईएनएस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत ईएनएस-रेनेस से 1 छात्र
- अल्पकालीन शोध परियोजनाओं को पूरा करने के लिए डीएएडी द्वारा वित्त पोषित गोएटिंगेन विश्विद्यालय से 1 छात्र
- छात्र विनिमय के अंतर्गत यूपीएमसी पेरिस से 1 छात्र

वर्ष 2017-18 के दौरान हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन और अनुबंध

सहयोगी संगठन	उद्देश्य
मई 08, 2017 **यूके गुरुत्वाकर्षण तरंग सहयोगी संगठन और एलआईजीओ-इंडिया सहयोगी संगठन के बीच समझौता ज्ञापन**	गुरुत्वाकर्षण तरंग पहचान, इसकी स्पिन-ऑफ प्रौद्योगिकियों और आउटरीच अवसरों के क्षेत्र में क्षमता को मजबूत और विकसित करने के लिए सहयोगापूर्ण संबंध स्थापित करना।
मई 16, 2017 **टेम्पल विश्वविद्यालय, यूएसए के साथ समझौता ज्ञापन**	द्विपक्षीय छात्र / संकाय विनिमय, संयुक्त कार्यशालाओं और सम्मेलनों, संयुक्त अनुसंधान और प्रकाशनों के लिए सहयोग को मजबूत बनाने वाली गतिविधियों को विकसित करना और बढ़ावा देना।
अक्टूबर 05, 2017 **इरास्मस+ केए 107 कार्यक्रम के संदर्भ में ग्लास्गो विश्वविद्यालय के साथ अंतर-संस्थागत अनुबंध**	ईयू से वित्त पोषण के साथ वर्ष 2017-19 के दौरान प्रत्येक पक्ष से 3 पूर्वस्नातक, 3 पीएचडी और 4 कर्मचारियों तक का द्विपक्षीय विनिमय।
अक्टूबर 30, 2017 **लीबनेज़ विश्वविद्यालय हनोवर के साथ समझौता ज्ञापन (नवीकरण)**	5 वर्ष की अवधि के लिए समझौता ज्ञापन का नवीकरण किया गया।
अक्टूबर 31, 2017 **इरास्मस+ केए 107 कार्यक्रम के संदर्भ में लीपजिग विश्वविद्यालय के साथ अंतर-संस्थागत अनुबंध**	ईयू से वित्त पोषण के साथ वर्ष 2017-19 के दौरान प्रत्येक पक्ष से 2 पीएचडी और 4 कर्मचारियों तक का द्विपक्षीय विनिमय।
दिसम्बर 07, 2017 **लक्ष्मी मित्तल, दक्षिण एशिया संस्थान, हार्वर्ड विश्वविद्यालय (एलएमएसएआई) के साथ आशय-पत्र पर हस्ताक्षर किए गए**	''भारत-बोस्टन जीव विज्ञान (बी4) निर्माण कार्यक्रम'' को संयुक्त रूप से चलाने का उद्देश्य (1) पूर्वस्नातक और स्नातक छात्रों के लिए अंतर्विषयक जीवन विज्ञान में विषयों का गहन परिचय प्रदान करना; और (2) बोस्टन क्षेत्र के प्रमुख संस्थानों में एक वर्ष की अध्येतावृत्ति के लिए भारत के डॉक्टरेट / पोस्टडॉक्टरेट अध्येताओं को सक्षम बनाना है।

सहयोगी संगठन	उद्देश्य
फरवरी 10, 2018 **इंस्टिट्यूट डी फिजिक डु ग्लोब डी पेरिस (आईपीजीपी), फ्रांस के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए**	ठोस पृथ्वी विज्ञान के क्षेत्र में आईआईएसईआर पुणे और आईपीजीपी (शोध स्नातकोत्तर स्तर) से दोहरी स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम के लिए।
फरवरी 20, 2018 **लीपजिग विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान और मिनरोलॉजी के संकाय के साथ समझौता ज्ञापन**	अकादमिक शोध गतिविधियों को प्रेरक और समर्थन प्रदान करके पारस्परिक हित के अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक और शोध कार्यक्रमों को बढ़ावा देने और विस्तारित करने के लिए।
मार्च 10, 2018 **नई दिल्ली में आयोजित भारत-फ्रेंच ज्ञान शिखर सम्मेलन के दौरान फ्रांस के ईएनएस नेटवर्क संस्थान और सभी आईआईएसईआर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए**	अनुसंधान और/या शिक्षण कार्यक्रमों की संयुक्त प्रस्तुति, कार्मिक विनिमय, छात्र गतिशीलता, संयुक्त सम्मेलन और कार्यशालाएँ, तथा नए अध्यापन उपकरण और ऑनलाइन पाठ्यक्रम विकसित करना।

अक्षय निधि

आईआईएसईआर पुणे शोध उत्कृष्टता के माध्यम से विज्ञान के शिक्षण और अध्ययन के लिए प्रतिबद्ध है। इन लक्ष्यों को आगे बढ़ाने और समाज तक पहुँचने के लिए, संस्थान सामाजिक, पर्यावरणीय, तकनीकी और आर्थिक विकास को बनाए रखने के लिए स्थानीय और वैश्विक समुदाय से जुड़ना चाहेगा।

इसे ध्यान में रखते हुए संस्थान, संस्थान के स्थायित्व को बढ़ाने और समाज के लिए संस्थान संसाधनों को विस्तारित करने के लिए समान विचारधारा वाले व्यक्तियों और संगठनों के साथ साझेदारी कर रहा है। वर्ष 2015 में अक्षय निधि समिति तैयार की गई और प्रो. सुनील मुखी की अध्यक्षता में इस दिशा में कार्य किया जा रहा है।

आईआईएसईआर पुणे कॉर्पोरेट संगठनों का विश्वास और समर्थन जीतने के लिए भाग्यशाली रहा है। विभिन्न संस्थानों द्वारा अक्षय निधि के लिए प्रतिबद्धता रु.81.32 करोड़ है; संस्थान ने दिनांक 31 मार्च, 2018 तक रु.53.62 करोड़ की राशि प्राप्त की।

सिप्ला फाउंडेशन से प्राप्त बंदोबस्ती निधि ने पूर्वस्नातक छात्रों के लिए आधुनिक रसायन विज्ञान अनुसंधान प्रयोगशाला के निर्माण को सक्षम किया है; यह स्थान उद्योग-शैक्षिक बातचीत तथा शिक्षक और छात्र प्रशिक्षण से जुड़ी आउटरीच गतिविधियों के लिए भी उपलब्ध होगा।

बालन समूह से प्राप्त अक्षय निधि का उपयोग विज्ञान गतिविधि केंद्र के निर्माण के लिए किया जाएगा। हालाँकि निर्माण अभी शुरू नहीं हुआ है, विद्यालय और महाविद्यालय के छात्र और शिक्षकों के लिए प्रायोगिक गतिविधियाँ पहल से ही एक अंतरिम स्थान पर शुरू कर दी गई हैं जिसका नाम इंद्राणी बालन विज्ञान गतिविधि केंद्र रखा गया है। बजाज ऑटो से प्राप्त अक्षय निधि के माध्यम से संस्थान में महिला शोध छात्रों के लिए छात्रावास का निर्माण चल रहा है। फोर्ब्स मार्शल फाउंडेशन से प्राप्त अक्षय निधि, सीएसआईआर-एनसीएल और आईआईएसईआर पुणे के वैज्ञानिकों की शैक्षिक आउटरीच पहल, रोमांचक विज्ञान समूह की गतिविधियों को सहायता प्रदान करेगी।


इन्फोसिस फाउंडेशन से प्राप्त छात्रवृत्तियों और यात्रा पुरस्कारों ने छात्रों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों (2016 से और 31 मार्च, 2018 तक) में भाग लेने के लिए 66 इन्फोसिस ट्यूशन छूट और 74 इन्फोसिस यात्रा पुरस्कार का लाभ उठाने में सक्षम बनाया है। इसी तरह, एक्साइटेल इंडिया से प्राप्त अंशदान का उपयोग शोध उत्कृष्टता की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ शोध प्रबंध पुरस्कार के लिए किया जाएगा।

आईडीईएएस, सूचना प्रौद्योगिकी कम्पनी, साइबर सिटी, पुणे से प्राप्त अक्षय निधि, आईआईएसईआर पुणे के छात्रों को उनके शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करेगी।

अनुसंधान का समर्थन करने के उद्देश्य से, प्रीसिजन वायर्स लि. स्ट्रिंग सिद्धान्त और परिमाण गुरुत्वाकर्षण के क्षेत्र में शोध को निधि देगा। के.एस. कृष्णन स्मारक व्याख्यान से प्राप्त अक्षय निधि संस्थान को कुशल तंत्रिका वैज्ञानिक को दौरा करने, व्याख्यान देने, और संस्थान सदस्यों के साथ बातचीत करने हेतु आमंत्रित करने में सक्षम करेगी।

अक्षय निधि के माध्यम से समर्थित गतिविधियाँ

- परिसर अवसंरचना
- अनुसंधान, प्रयोगशालाएँ, नामित व्याख्यान
- छात्रवृत्तियाँ, यात्रा अनुदान, अनुसंधान / शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार
- सार्वजनिक आउटरीच



आउटरीच गतिविधियाँ

आईआईएसईआर पुणे विभिन्न चैनलों के माध्यम से वर्ष भर शैक्षणिक और सामाजिक आउटरीच गतिविधियों में लगा हुआ है। इन गतिविधियों का समग्र लक्ष्य: प्राथमिक शिक्षा और शिक्षण पद्धतियों में योगदान और सुधार; विज्ञान में कैरियर और शोध के अवसरों के बारे में जनता को सूचित करना; और समाज पर विज्ञान के प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाना है।

विद्यालयों और महाविद्यालयों का दौरा

अपनी आउटरीच गतिविधियों के हिस्से के रूप में, संस्थान पूरे भारत से विद्यालयों, जूनियर और सीनियर महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और संस्थानों के छात्र समूहों का स्वागत करता है। परिसर में अनुसंधान सुविधाओं और शैक्षणिक जीवन पर अपने विचार देने के लिए आगंतुकों को आईआईएसईआर पुणे परिसर को दिखाया जाता है। प्रासंगिकता और रुचि के क्षेत्र के आधार पर, आगंतुक समूह विभिन्न क्षेत्रों के आईआईएसईआर पुणे संकाय सदस्यों के साथ बातचीत करते हैं। दौरे को छात्रों की पृष्ठभूमि और आयु-वर्ग के अनुरूप अनुकूलित किया जाता है।

वर्ष 2017-18 के दौरान, देश के विभिन्न हिस्सों से 55 संस्थानों के 2500 से अधिक आगंतुकों ने आईआईएसईआर पुणे का दौरा किया। इनमें से 2340 महाराष्ट्र राज्य से थे, जबकि शेष राजस्थान, तमिलनाडु, और कर्नाटक राज्य से थे। आगंतुकों में 91 शिक्षकों के साथ 1055 विद्यालय छात्र और 275 शिक्षकों के साथ 1395 महाविद्यालय छात्र थे।

विज्ञान मीडिया केन्द्र


वर्ष 2012 में स्थापित, संस्थान में विज्ञान मीडिया केन्द्र वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ-साथ विज्ञान लोकप्रियता के लिए उच्च गुणवत्ता वाले मीडिया की अवधारणा और उत्पादन में शामिल है। इसके अलावा, वैज्ञानिक संचार के क्षेत्र में मानव संसाधन विकास में एक प्रमुख गतिविधि है। केन्द्र विभिन्न मीडिया के माध्यम से विज्ञान संचार के लिए कार्मिक प्रशिक्षण हेतु कार्यशालाएँ आयोजित करता है तथा संस्थान के वैज्ञानिक कार्यक्रमों और गतिविधियों के संग्रह के रूप में कार्य करता है। वर्ष 2017-18 के दौरान, केन्द्र ने विज्ञान प्रसार के साथ विज्ञान



लेखन कार्यशाला; और संस्थान के छात्रों और अनुसंधानकर्ताओं के लिए दो पाठ्यक्रमों (ग्राफिक डिज़ाइन और छवि प्रसंस्करण तथा विज्ञान वीडियो निर्माण की मूल बातें) का आयोजन किया। केन्द्र ने विज्ञान संचार पर 4-क्रेडिट पाठ्यक्रम आयोजित करने में भी मदद की और आईआईटी मद्रास के सहयोग से प्रौद्योगिकी उन्नत शिक्षण (एनपीटीईएल) पर राष्ट्रीय कार्यक्रम के हिस्से के रूप में संस्थान में संकाय सदस्यों के साथ वीडियो निर्माण शुरू किया।

विज्ञान और गणित शिक्षा उत्कृष्टता केन्द्र (सीओईएसएमई)

मानव संसाधन विकास मंत्रालय की शिक्षकों और प्रशिक्षण योजना के लिए पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन (पीएमएमएमएनएमटीटी) के हिस्से के रूप में, सीओईएसएमई अक्टूबर 2015 से आईआईएसईआर पुणे में क्रियाशील है। केन्द्र ने विद्यालय/महाविद्यालय शिक्षकों और शिक्षाविदों के लिए शैक्षणिक नवोन्मेष से संबंधित कई कार्यशालाओं तथा छात्रों के लिए विज्ञान और गणित के शैक्षणिक शिविरों का आयोजन किया।



CoESME activities across India

29	19	2150
Activities	Cities	Participants

Indrani Balan Science Activity Centre

45	10,741
Workshops & Demos	Participants

उपलब्ध संसाधनों के साथ-साथ क्षेत्र में विशेषज्ञता का बेहतर उपयोग करने के लिए, सीओईएसएमई ने कई सरकारी (डीबीटी, डीएसटी) के साथ-साथ गैर-सरकारी (न्यूटन-भाभा फंड [ब्रिटिश कौंसिल], आईएसईएफ) एजेंसियों के साथ साझेदारी की। सीओईएसएमई की गतिविधियों को निम्नलिखित पहलुओं पर केंद्रित किया गया:

1. वैज्ञानिक अवधारणाओं का शिक्षण/अध्ययन: अनुसंधान-आधारित शैक्षणिक उपकरणों (आरबीपीटी) पर शिक्षक प्रशिक्षण छात्रों को न केवल तथ्यों बल्कि विज्ञान की प्रक्रिया सिखाने में मदद करता है।
2. पेशेवर विकास: विज्ञान पत्रकारिता और विज्ञान प्रशासन जैसे संबंधित कौशल के लिए अध्ययन और क्षमता निर्माण में व्यावहारिक अनुप्रयोगों के साथ विषय क्षेत्र-विशिष्ट विषयों पर शिक्षकों, शिक्षाविदों और अन्य पेशेवरों को प्रशिक्षण प्रदान करना।
3. प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से सभी आयु वर्ग के समूहों के लिए विज्ञान मज़ेदार और समझने योग्य बनाना: परिसर में इंद्राणी बालन विज्ञान गतिविधि केन्द्र के माध्यम से जनता के ध्यान को केन्द्रित करने के लिए कार्यशालाओं, विज्ञान शिविरों (जैसे, डीएसटी-इन्स्पायर) और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।



शेफील्ड हॉलम विश्वविद्यालय, यूके के शिक्षाविदों के सहयोग से पूरे देश के लगभग 150 शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। ये कार्यशालाएँ प्रतिभागियों को अनुसंधान-आधारित शैक्षणिक उपकरणों का परिचय करवाती है और उन्हें स्वयं अनुसंधान-आधारित शैक्षणिक उपकरण डिज़ाइन करने में मदद करती है, जिसे अपनी कक्षा में सीधे कार्यान्वित किया जा सकता है। इस स्तर के चयनित प्रतिभागियों को यूके टीम द्वारा स्तर 2 कार्यशालाओं में आगे प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जो अवधारणाओं को स्पष्ट करते हैं और स्वयं प्रशिक्षक बनने के लिए प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। स्तर 2 में प्रशिक्षित प्रतिभागी क्षेत्रीय कार्यशालाओं के लिए प्रशिक्षक के रूप में कार्य करते हैं इस प्रकार इस नवाचार को आगे बढ़ाया जाता है।





कक्षा 8-10 के छात्रों के लिए पाँच-दिवसीय डीएसटी-इन्स्पायर विज्ञान इंटर्नशिप शिविर में लगभग 300 छात्रों ने भाग लिया (17-22 दिसम्बर, 2017)

